
# OM SHANTI SHIKSHA SADAN SR. SEC. SCHOOL

## NATHUPUR, SONIPAT (HR)

## CLASS: II

## Summer Vacations Assignment

## Academic Session: 2025-26




समय का पहिया चलता जाए, समय अनमोल हमें सिखाए।

जो समय को व्यर्थ गँवाते, लुटाकर मनके भी वापस न पाते।

खोया स्वास्थ्य हम पा सकते हैं, परिश्रम से असफलता मिटा सकते हैं।

पर गया समय न लौटकर आता, समय गँवाने पर हर कोई पछताता।

आज का काम न कल पर टालो, आज, अभी, तुरंत कर डालो।

समय का महत्व जीवन में लाओ, हर काम की समय तालिका बनाओ।

जो समय का सदुपयोग हैं करते, जीवन में सफलता से दामन हैं भरते।

**Kindly Note: Holidays shall begin from 1st June (Sunday) School shall reopen after summer vacations on 1st July, 2025(Tuesday).**

**Summer means happy times and good sunshine.**

# गर्मी का मतलब है खुशनुमा समय और अच्छी धूप।

**स्वर्णिम शिष्टाचारः-**

- बातचीत के दौरान हमेशा सुनहरे शब्दों का प्रयोग करें अर्थात क्षमा करें कृपया और धन्यवाद ।
- विकलांग और जरूरतमंद लोगों की मदद करें और उनके प्रति दयालु रहे।
- अपने माता-पिता, शिक्षकों और बड़ों की आज्ञा माने और उनका सम्मान करें।
- माता-पिता और आंगतुकों के साथ शुद्ध हिंदी और अंग्रेजी में विनम्रता से संवाद करें।
- जाने अनजाने में किसी की भावनाओं को ठेस न पहुंचाएं।
- हमेशा सामाजिक, नैतिक मूल्यों और भारतीय संस्कृति का पालन करें।
- अपने दादा-दादी के साथ कुछ पल बिताएँ और उनकी देखभाल करें।

**स्वास्थ्य एवं स्वच्छता :-**

- व्यक्तिगत स्वच्छता पर ध्यान देना चाहिए (नहाना, ब्रश करना स्वच्छ कपड़े पहनना आदि)
- अपने आस पास साफ-सफाई रखें।
- फल, सब्जियों के छिलके और कचरे को केवल कूड़ेदान में ही डालें।
- भोजन से पहले और बाद में अपने हाथ धोए।
- बासी, तैलीय और फास्ट फूड से परहेज करें।
- गर्मियों में अधिक से अधिक पानी पियें और सर्दियों में गुनगुने पानी का सेवन करें।
- खाने / खाना पकाने से पहले फलों और सब्जियों को पानी से साफ कर लेना।
- समाज को जागरूक करें कि कैसे आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं।
- रोजाना योग और ध्यान करें और सकारात्मक दृष्टिकोण बढ़ाएं।

**सामाजिक / पर्यावरण संरक्षण :-**

- पानी को प्रदूषित और बर्बाद न करें, यह अनमोल है।
- अधिक से अधिक पौधे लगाएं, पर्यावरण की रक्षा करें और पौधों की देखभाल करें।
- गर्मी के मौसम में पक्षियों और जानवरों के लिए पानी और दाना उपलब्ध कराएं।
- महिलाओं का सम्मान करें और बेटियों को शिक्षित करें।
- लोगों को अंधविश्वास, कुपोषण, अशिक्षा और पर्यावरण के संरक्षण के प्रति जागरूक करें।
- परिवार और समाज के लिए अनुकरणीय नेक कार्य करें।

**वैज्ञानिक दृष्टिकोण / अपशिष्ट प्रबंधन / निर्माण :-**

- बेकार कागज कांच और प्लास्टिक बोतलआदि से उपयोगी वस्तुएं बनाएं।
- नवाचार दिखाने और कला शिक्षा पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए कार्यशील मॉडल और प्रोजेक्ट बनाएं।
- नैतिक कहानियाँ, अद्भुत तथ्य और महान हस्तियों की आत्मकथाएं पढ़ें।
- रोजाना अखबार पढ़ें और समाचार सुनें।
- अपने हॉबी क्लब से संबंधित कोई रचनात्मक कार्य भी करें।
- (जैसे:- गायन कला, नृत्य कला, पाक कला, नवाचार आदि।)

प्राचार्य